## संक्षिप्त

### अधिकारियों का स्वागत

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस )।** राज ब्राह्मण महासभा द्वारा शिक्षा विभाग में कार्यरत अधिकारियो का स्वागत अभिनंदन किया। जिला महामंत्री सुशील दाधीच तिलोनिया ने बताया की कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा के नेतृत्व में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी जगनारायण व्यास, जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक शिक्षा शिवप्रकाश दुबे व जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक शिक्षा गोविंद नारायण शर्मा का परम्परागत रूप से साफा बंधवाकर स्वागत किया। इस दौरान कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रशेखर शर्मा, जिला कार्यकारी अध्यक्ष महेश शर्मा, जिला महामंत्री सुशील दाधीच तिलोनिया, प्रहलाद शर्मा, वेदप्रकाश शर्मा उपस्थित रहे।

### शपथ ग्रहण समारोह आज

**मदनगंज-किशनगढ़,( निस )।** राज. ब्राह्मण महासभा की और से नवीन कार्यकारिणी का शपथ ठाहण समारोह रविवार को सांय 5 बजे हरित भवन में होगा।जिला महामंत्री सुशील दाधीच तिलोनिया ने बताया की समारोह में प्रदेश महामंत्री मधुसुधन शर्मा, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पवन प्रधान, जिलाध्यक्ष राकेश टण्डन अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इस सबंध में आयोजित बैठक में रामकुमार शर्मा, रामचन्द्र रिणवा, मदनलाल गोवला, नरेंद्र जोशी, गोपाल प्रधान, सुमेर बेरोज्या, मोहनलाल पंचोली, कैलाश पारीक, राजेश शर्मा, शंकर शर्मा आदि मौजूद थे।

### गर्मी में बेहाल हुए ग्रामीण

**मसूदा, (निसं)।** विद्युत विभाग की बिना सूचना की जा रही कटौती से कस्बे के लोग परेशान हैं। ठामीणों ने बताया कि दिन और रात में कभी भी बिजली बंद कर दी जाती है। इससे गर्मी में घरों में रहना मुश्किल हो गया है। तेज गर्मी में पंखे और कूलर बंद होने से लोग बेहाल हैं। जिन घरों में इनवर्टर नहीं हैं, वहां छोटे बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि रात के समय बिजली की कटौती न की जाए।

### सम्मानित किया

**अजमेर, (कासं)।** राजस्थान शतरंज संघ की विशेष साधारण सभा का आयोजन नागौर के पूर्व विद्यार्थी मंच पर आरसीए अध्यक्ष महावीर रांका, ऑल इंडिया चैस स्कूल प्रोजेक्ट के हेड ए.के वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजोरा के मुख्य आतिथ्य में हुआ। साधारण सभा में राजस्थान के सत्ताईस से ज्यादा जिलों के अध्यक्ष और पदाधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान जिला शतरंज संघ अजमेर के अध्यक्ष अतहर अब्बास काजमी, सचिव नृसिंह दाधीच, संयुक्त सचिव नीलिमा दाधीच को शतरंज के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट कार्यो के लिए शतरंज गौरव से सम्मानित किया गया।

### हर्षोल्लास से मनाई श्रुत पंचमी

**अजमेर, (कासं)।** जैन मिलन आदिनाथ एवं दिगम्बर जैन महासमिति के सयुक्त तत्वाधान में श्रुत पंचमी पर्व बड़ा धड़ा नसियाजी महावीर सर्किल अजमेर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सबसे पहले जिनवानीमा एवं शास्त्रों का रख रखाव कर शास्त्रों को पुरुष एवम महिला वर्ग ने जिनवानी सिर पर धारण कर णमोकार महामंत्र के जाप के साथ जिनेन्द्र भगवान की तीन परिक्रमा लगाई गइ। फिर जिनवानीमाता की अष्ट द्रव्य से पूजन कर अर्घ समर्पित किया गया, महासमिति के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश पाटनी द्वारा इस महापर्व के बारे में संक्षिप्त में बताया गया।

# भीलवाड़ा संगिनी की महिलाएं नरेंद्र मोदी विचार मंच की महिला शाखा में शामिल

**अजमेर, (कासं)।** नरेंद्र मोदी विचार मंच, राजस्थान की महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री रूपश्री जैन ने प्रदेश प्रभारी अनिल ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष लिलियन ग्रेस के निर्देश पर शनिवार को अजमेर शहर की सभी महिलाओं की बैठक ली जो अभी तक नरेंद्र मोदी के विचारों से अनभिज्ञ थी और उनको रूपश्री ने नरेंद्र मोदी के विचारों से भली भातिं अवगत कराया।

- नरेंद्र मोदी विचार मंच की महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री ने प्रदेश प्रभारी के निर्देश पर बैठक ली



चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के आयुक्त ने अस्पताल का निरीक्षण किया।

प्रधान मन्त्री की योजनाओं से परिचित कराया, मंच का उद्देश्य समाज कल्याण के लिए कार्य योजनाओं को क्रियांवित करना और उपेक्षित वर्ग खासकर महिलाओं और बच्चों की मदद करना है। साथ ही देश को संगठित करना है। रूपश्री जी ने महिलाओं को बताया कि नरेंद्र मोदी विचार मंच मे महिलाओं को कहीं अधिक सम्मान मिलता है, जिसको सुनकर सभी महिलाएं इतनी प्रभावित हुई कि लगभग 25-30 महिलाओं ने नरेंद्र मोदी विचार मंच की सदस्यता ली। सन्नू मुरक्या, गीता गर्ग, सरला गोयल, सुमन झामर, आशा अग्रवाल, उर्मिला सोगानी, शकुंतला बाली, ज्ञानधारा राठी, शकुंतला काबरा, किरण हेडा, उषा हेडा, सुमन रियावाला, सीता मूँदड़ा, सीमा पोखरणा, रश्मि त्रिपाठी, अनिशा बाल्दी, अंजू पंसारी, अनिता जार्जिया, मधु अग्रवाल, सीमा गमेडीवाल, वीणा गर्ग, संतोष बिंदल सबकी उपस्थिति में आदर्श नगर, माहेश्वरी महिला मण्डल द्वारा 2000 गिलास शरबत का वितरण भी किया गया।

## नेहा लौहार रही टॉपर

**नसीराबाद, (निसं)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नान्दला ने 5वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम देकर एक बार फिर क्षेत्र में अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता सिद्ध की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्कूल का नाम रोशन किया।

प्रधानाचार्य जयश्री राठौड़ ने बताया कि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और अभिभावकों के सहयोग से यह शानदार उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने कहा कि हम विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर सतत ध्यान दे रहे हैं। विद्यालय की छात्रा नेहा लौहार ने सभी विषयों में ँठोड प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

अक्षिता माली, राधिका और पवन परिहार ने भी उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की सफलता में अहम योगदान दिया। विद्यालय में शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम पर शाला प्रबंधन समिति के भगवान सिंह, नरेन्द्र सिंह, शंभू सिंह, पार्वती राठी, भोलाराम मेघवंशी और प्रधानाचार्य जयश्री राठौड़ ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विदेशी वस्तुओं की होली आज

**अजमेर, (कासं)।** स्वदेशी जागरण मंच अजयमेरु द्वारा विदेशी वस्तु बहिष्कार कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार को बजरंगगढ़ चौराहे पर सायं 6 बजे विदेशी वस्तुओं की होली जलाई जाएगी। स्वदेशी जागरुण मंच अजयमेरु के प्रांत संयोजक डॉ. संत कुमार, विभाग संयोजक दिलीप कुमार, महानगर संयोजक योगेंद्र सिंह व विभाग सहसंयोजक डॉ. कुलदीप सिंह ने शनिवार को प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि स्वदेशी जागरण मंच भारत विरोधी उन सभी देशों का विरोध करता है।

जो भारतीय की आर्थिक नीतियों को प्रभावित कर रहा हो। उन्होंने कहा कि भारत की आर्थिक नीतियां प्रभावित न हो भारत में इन देशों का सामान ना आए भारत के लोग इन देशों का सामान ना खरीदे और भारतीय लोग इन विदेशी सामान का बहिष्कार कर भारतीय सामान को ही खरीद कर भारत को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएं। इस उद्देश्य को लेकर लोगों में स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जनजाग्रित के लिए रविवार 1 जून को शाम 6 बजे बजरंगगढ़ चौराहे पर विदेशी वस्तुओं की होली जलाई जाएगी।

## महाराजा दाहरसेन का बलिदान दिवस मनाया

**भीलवाड़ा।** भारतीय सिन्धू सभा राजस्थान की ओर से राज्यभर में चल रहे सिन्धी बाल संस्कार शिविरों के विद्यार्थियों के साथ युवाओं के लिये रंगभरो प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, इसके लिये प्रचार सामठाी व बैनर का विमोचन हरि शेवा धाम सनातन मंदिर के महामण्डलेश्वर स्वामी हंसराम उदासीन के सानिध्य में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेन्द्र कुमार तीर्थानी, संभाग प्रभारी वीरूमल पुरसानी, लक्ष्मणदास लालवानी, परमानन्द गुरनानी, ओम गुलाबानी, नरेन्द्र रामचंदानी, परमानन्द तनवानी की गरिमामयी उपस्थित में किया गया।


**अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना**
(आदेश 41 के नियम 14)
नाम न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश क्रम 6 जयपुर महानगर प्रथम
जमीला व अन्य - विरूद्ध - श्रीमती प्रकाश कंवर व अन्य
अपील नियमित दीवानी अपील
अपील नं. 10 सन् 2018
अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य महानगर मजिस्ट्रेट क्रम-7 जयपुर महानगर के न्यायालय की तारीख 28-08-2018 को निर्णय व डिक्री की अपील-
श्रीमती राजेन्द्र कंवर पुत्री स्व0 श्री ठाकुर सज्जन सिंह, पत्नी ठाकुर शिवप्रताप सिंह, जाति राजपूत, निवासी ग्राम बडवा, तहसील डेगाना जिला नागौर राज.
आपको सूचना दी जाती है कि इस मामले में ACMM-07 की डिक्री को अपील अपीलार्थी/प्रतिवादी द्वारा उपस्थित की गई है और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा ता. 08 माह 07 सन् 2025 नियत की गई है।
यदि इस अपील में आपकी ओर से आप स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिये कार्य करने के लिये विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चित की जावेगी।
यह आज तारीख 20 माह 05 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत
आज्ञा से-रीडर ग्रेड प्रथम
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश
क्रम-06, जयपुर महानगर प्रथम


# अवैध अतिक्रमण हटवाने को लेकर याचिका दर्ज

**अजमेर, (कासं)।** भागचंद की कोठी होटल मेरवाड़ा एस्टेट अजमेर द्वारा अवैध रूप से तोडफ़ोड़ कर नियमों के विपरित बड़ी बिल्डिंग बनाकर आनासागर झील बारादरी के पास पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने की शिकायत सहित दायर याचिका में अवैध अतिक्रमण को हटाने तुड़वाने की मांग को लेकर भारतीय पब्लिक लेबर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल साहू ने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल भोपाल में परिवाद दायर किया जिसे नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल्स मध्य क्षेत्र भोपाल बेंच एनजीटी न्यायालय के न्यायाधीश शिवकुमार सिंह एवं बेंच के जुडिशल मेंबर डॉ. अफरोज अहमद ने दायर याचिका मंजूर करते हुए भागचंद की कोठी होटल मेरवाड़ा स्टेट के विरुद्ध दायर याचिका केस पर सुनवाई कर नोटिस जारी करने के आदेश जारी किए। एनजीटी न्यायालय द्वारा नोटिस जारी करने के आदेश दिए जिसमें सदस्य सचिव केंद्रीय पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भारत सरकार नई दिल्ली, मुख्य सचिव राजस्थान सरकार जयपुर सहित सदस्य सचिव पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण मंडल राजस्थान सरकार जयपुर एवं सदस्य सचिव केंद्रीय भूजल अथॉरिटी ऑफ इंडिया भारत सरकार नई दिल्ली, जिला कलेक्टर अजमेर, आयुक्त नगर निगम अजमेर, अधीक्षक पुरातत्वविद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग जोधपुर मंडल तथा अजमेर मंडल, विजय सोगानी निर्देशक भागचंद की कोठी होटल मेरवाड़ा स्टेट अजमेर के संचालक को नोटिस जारी किए है। लेबर पार्टी के अध्यक्ष बाबूलाल साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में कई बार अजमेर संभागीय आयुक्त तथा जिला कलेक्टर अजमेर एवं आयुक्त नगर निगम अजमेर और अधीक्षक पुरातत्वविद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग भारत सरकर नई दिल्ली के जोधपुर मंडल अधीक्षक को उपरोक्त क्षेत्र में किए गए निर्माण एवं अन्य अतिक्रमण के संदर्भ में विस्तृत विवरण के साथ मय कागजात सबूत सहित प्रस्तुत किए थे, परंतु जिला प्रशासन द्वारा प्रशासनिक स्तर पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने पर उन्होंने नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल में एडवोकेट एसए जैदी और एडवोकेट मानसी चहल के जरिए परिवाद दायर किया, जिस पर एनजीटी न्यायालय भोपाल बेंच के न्यायाधीश द्वारा उपरोक्त भागचंद की कोठी होटल मेरवाड़ा स्टेट अजमेर के अतिक्रमण के संदर्भ में कलेक्टर अजमेर एवं स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड राजस्थान की संयुक्त कमेटी गठित कर 10 सितंबर एनजीटी न्यायालय भोपाल बेंच में जवाब प्रस्तुत करने हेतु निर्देश जारी करते हुए नोटिस जारी किए हैं।

## सिंधी बाल संस्कार शिविर संपन्न

**अजमेर, (कासं)।** आदर्श सिन्धी पंचायत आदर्श नगर अजमेर और भारतीय सिंधु सभा अजमेर द्वारा संयुक्त तत्वाधान में गत 25 से 31 मई तक घंडू घोट दरबार प्रेम नगर आदर्श नगर में आयोजित सिंधी बाल संस्कार शिविर का समापन हुआ।

आदर्श सिंधी पंचायत के सचिव महेश ईसरानी ने बताया कि सिंधी बाल संस्कार शिविर में विभिन्न उम्र वर्ग के करीब 25 बच्चों ने सिंधी भाषा, सिंधी गीत पढना और लिखना बड़े ही उत्साह के साथ सीखा। शिविर में रमा भंभाणी, सुमन भंभानी, महेश चोटरानी, प्राची वाधवानी ने बच्चों को सिंधी भाषा की जानकारी दी गई। अध्यक्ष गुरबख्श मीरानी, कार्यवाहक अध्यक्ष जगदीश अभीचंदानी ने बताया कि इस तरह के शिविर आदर्श सिंधी पंचायत द्वारा प्रत्येक वर्ष लगाया जाएगा। महासचिव लालभाई नाथानी ने बताया की शिविर में प्रत्येक दिन आए हुए बच्चों को सिन्धी नाश्ता पंचायत द्वारा दिया गया। सचिव महेश ईसरानी ने बताया कि शिविर में भारतीय सिंधु सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेंद्र कुमार तीर्थानी, संगठन मंत्री मोहन कोटवानी, महानगर मंत्री महेश टेकचंदानी ने अपनी सेवाएं दी और बच्चों को सिंधी सीखने और बोलने के लिए प्रेरित किया।

# सरकार की होम बेस्ड पैलिएटिव केयर सेवा

- अब गंभीर रोगियों को घर बैठे मिलेगा इलाज
- अजमेर में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर शुरू

**अजमेर, (कासं)।** गंभीर और असाध्य रोगों से जूझ रहे मरीज और उनके परिवार के सदस्यों को राहत देने के लिए राज्य सरकार ने पहल करते हुए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में होम बेस्ट पैलिएटिव केयर सेवा शुरू की है। अब ऐसे मरीजों को इलाज के लिए बार-बार अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। अभी यह सेवा अजमेर और पाली में लागू की गई है।

**नर्सिंग स्टाफ द्वारा मरीज को घर पहुंचकर करेगा इलाज:** स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पायलट प्रोजेक्ट के रूप में होम बेस्ट पैलिएटिव केयर सेवा शुरू की गई है, जिसके अंतर्गत मुख्य रूप से कैंसर, दिल, किडनी, लीवर की असाध्य और गंभीर बीमारियों, न्यूरोलॉजिकल समस्याओं और वृद्धावस्था में मल्टीपल क्रॉनिक बीमारियों से पीडित् मरीजों घर बैठे इलाज की सुविधा मिलेगी। योजना के तहत नर्सिंग स्टाफ मरीज के घर पहुंचकर उनकी हालत का जायजा लेगा। डॉक्टर द्वारा लिखी गई दवाओं की सही जानकारी देगा, साथ ही मरीज की जरूरत पड? पर डॉक्टर से सलाह लेकर दवाओं में बदलाव भी किया जा सकेगा।

**मरीज को मिलेगी अस्पताल के तनावपूर्ण माहौल से निजात:** मरीजों और उनके परिजनों के लिए सबसे बड़ी राहत यह होगी कि इलाज घर बैठे ही मिलेगा। इससे मरीज अस्पताल के तनावपूर्ण माहौल से बच पाएंगे और अपने परिवार के बीच मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक रूप से सुरक्षित महसूस करेंगे। खास बात यह है कि इलाज का खर्च भी कम आएगा और मरीजों को समय पर चिकित्सकीय देखरेख मिल सकेगी। पैलिएटिव केयर सिर्फ दवाओं तक सीमित नहीं है।

इसमें मरीज को मानसिक तनाव, अवसाद और चिंता से बाहर निकालने के लिए काउंसलिंग और जरूरत पडने पर आध्यात्मिक सहायता भी दी जाएगी। इससे मरीज को न केवल शारीरिक, बल्कि मानसिक और आत्मिक शांति भी मिलेगी।


**अजमेर विकास प्राधिकरण अजमेर**
**आम सूचना**
सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि श्री मनोहर लाल तंवर पुत्र श्री खागाराम तंवर ने ग्राम थोक मालियान 3 के खसरा नम्बर 9145 भूखण्ड संख्या में क्षेत्रफल 115.91 वर्गमीटर के भूखण्ड की लीज डीड हेतु आवेदन किया है। इस आम सूचना के प्रकाशन द्वारा उक्त भूखण्ड की लीज डीड श्री मनोहर लाल तंवर पुत्र श्री खागाराम तंवर के पक्ष में जारी करने पर आपति आमंत्रित की जाती है। भूखण्ड का विवरण निम्न प्रकार है-
सीमाएं एवं नाप
पूर्व- 12'0'' चौड़ा रास्ता, 31'0''
पश्चिम- भूखण्ड संख्या 13 का पश्चिमी भाग, 31'0''
उत्तर- भूखण्ड संख्या 14, 40'0''
दक्षिण- 16'0'' चौड़ा रास्ता, 40'6''
उपायुक्त( दक्षिण)अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर



**कार्यालय नगर परिषद् किशनगढ़ (अजमेर) राजस्थान**
क्रमांक :न.प.कि/भूमि/2025/3009 आम सूचना दिनांक-28/5/2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मोहम्मद अयुब खान पुत्र श्री बाबू लाल खान, श्री बालमुकुंद शर्मा पुत्र श्री रतन लाल शास्त्री ने 69-क के तहत् पट्टा चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जो की तेली मौहल्ला मदनगंज किशनगढ़ में स्थित भूखण्ड/परिसर कुल क्षेत्रफल 164.44 वर्गगज है जिसकी सीमाऐं निम्न प्रकार से है-
पूर्व में- आम रास्ता
पश्चिम में- झंवरीलाल साहू का मकान
उत्तर में- जयकिशन शर्मा का मकान
दक्षिण में- बनवारी लाल साहू का मकान
उक्त सीमा मध्य स्थित 69-क के तहत् पट्टा जारी किये जाने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे बाद मियाद किसी प्रकार की कोई आपत्ति/ऐतराज मान्य नहीं होगा।
प्रभारी अधिकारी, नगर परिषद, किशनगढ़


## कैंसर प्रिवेशन टीकाकरण

**मदनगंज-किशनगढ़, (निस)।** भारत विकास परिषद व मार्बल सिटी हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में रतनलाल कंवरलाल पाटनी फाउंडेशन के आर्थिक सहयोग से 9 वर्ष से 14 वर्ष तक की बालिकाओं के लिए आयोजित नि:शुल्क सर्वाइकल कैंसर प्रीवेंशन टीकाकरण शिविर का शुभारंभ केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने किया।

किशनगढ़ मार्बल एसोसिएशन अध्यक्ष सुधीर जैन, नगर परिषद आयुक्त सीता वर्मा अतिथि के रूप में उपस्थिति रही। हॉस्पिटल निदेशक ओमप्रकाश मैंनावत, प्रदीप पापड़ीवाल व नीरज अजमेरा ने बताया कि नि:शुल्क सर्वाइकल कैंसर प्रीवेंशन टीकाकरण शिविर में 42 बालिकाओं के टीकाकरण किया गया। प्रत्येक शनिवार एवं रविवार को प्रात: 9 बजे से दोपहर एक बजे तक आयोज्य टीकाकरण शिविर में आधार कार्ड, आयु प्रमाण पत्र व बालिका की पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य है।

# महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज

**भीलवाडा।** श्रीनगर माहेश्वरी सभा के तत्वावधान में महेश नवमी महोत्सव 2025 के तहत महिलाओं को खेलों में आगे लाने के लिए महेश स्पोर्ट्स एकेडमी में एमपीएल फीमेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा। तीन दिवसिय एमपीएल फीमेल प्रतियोगिता केसर ठाुप के कमल सोनी - टीना सोनी द्वारा प्रायोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का शुभारम्भ राष्ट्रगाण के साथ किया गया। उसके पश्चात अतिथीयों द्वारा टॉफीयों का अनावरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य खेल प्रभारी कैलाश अजमेरा और अर्चित मूंदड़ा ने बताया कि प्रभारी मधु देवपुरा एवं अंजना मालू के सानिध्य मे यह कार्यक्रम महेश स्पोर्ट्स एकैडमी पर शुरू हुआ है। मीडिया प्रभारी पंकज पोरवाल ने बताया कि एमपीएल का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीमती ममता मोदानी एवं पश्चिमांचल संयुक्त मंत्री शिखा भदादा रहे। साथ ही नगर अध्यक्ष केदार गगरानी, नगर मंत्री संजय जागेटिया, संयोजक व पुर्व पार्षद राधेश्याम सोमानी, सह संयोजक केजी राठी, अभिजीत सारडा, प्रहलाद नुवाल, गोपाल नरानीवाल, प्रमोद डाड, विनय माहेश्वरी, सुभाष लढ़ा, कैलाश अजमेरा, अर्चित मूंदडा द्वारा सामुहिक रूप से भगवान महेश की तस्वीर के समक्ष द्वीप प्रज्वलन कर किया गया।प्रतियोगिता में 12 टीम जिसमें 72 महिलाएं और 24 युवतियाँ भाग ले रही है। जो पिछले कई दिनों से अपने पारिवारिक दायित्व को निभाते हुए प्रैक्टिस कर इस प्रतियोगिता के लिए तैयारी कर रही है। प्रभारी कल्पना सोमानी ने बताया कि सह प्रभारी अंकित लखोटिया, पल्लवी लढा, शीतल बिरला, रेनू कोगटा, अंतिमा लाहोटी, सरिता मुंदड़ा, प्रदीप जागेटिया, अंकित सोमानी, सचिन काबरा, अरुण बियानी, भरत सोडाणी आदि के सहयोग से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। हर्ष सोमानी का कमेंट्री में सहयोग रहा। प्रथम मेच सुभाष नगर वर्सेस शास्त्री नगर बी के मध्य आयोजित हुआ। जिसमें शास्त्री नगर बी विजेता रही। दुसरा मैच शास्त्री नगर ए वर्सेस विजय सिंह प्रथिक नगर के बीच हुआ जिसमें शास्त्री नगर टीम विजेता रही।

## फैजान के 94 प्रतिशत अंक आए

**भीलवाड़ा।** सुभाष नगर स्थित उस्मानिया मस्जिद के इमाम अब्बू जफर सिद्दीकी के पुत्र मोहम्मद फैजान ने दसवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम में 94 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि अर्जित की है।

फैजान की इस कामयाबी पर सुभाष नगर भाईचारा कमेटी ने आरजिया स्थित बाबा की दरगाह पर स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित कर मेधावी छात्र फैजान का अभिनंदन किया। कमेटी के सदर नाहर खां कायमखानी ने अभिनंदन कर कहा कि मस्जिद के इमाम सिद्दीकी ने सुभाष नगर में दीनी तालीम देकर बच्चों को बेहतरीन तरबीयत दी है वहीं उन्होंने अपने पुत्र को मजहबी शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा में आगे बढ़ाकर बस्ती का नाम रोशन किया है, सदर ने इस अवसर पर घोषणा की है कि कमेटी अब शीघ्र ही बस्ती के उन सभी होनहार छात्र-छात्राओं का अभिनंदन करेगी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत गनाहेड़ा पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण(अजमेर)**
क्रमांक-ग्रा.पं.गनाहेड़ा/महानरेगा/निविदा/2025-26/59 दिनांक:-22.05.25
ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26
ग्राम पंचायत गनाहेड़ा में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण-कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु संवेदकों से निविदा दिनांक 31.05.2025 से 09.06.2025 तक आमंत्रित की जाती है।
विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/& http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।
NIB NO: ZAJ2526A0612
UBN No: ZAJ2526GLRC00668
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत गनाहेड़ा, पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)
प्रशासक, ग्राम पंचायत गनाहेड़ा, पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)



**कार्यालय ग्राम पंचायत नारेली पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण(अजमेर)**
क्रमांक-ग्रा.पं.नारेली/महानरेगा/निविदा/2025-26/28 दिनांक:-26.05.25
ई-निविदा सूचना संख्या 03/2025-26
ग्राम पंचायत नारेली में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण-कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु संवेदकों से निविदा दिनांक 31.05.2025 से 07.06.2025 तक आमंत्रित की जाती है।
विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/& http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।
NIB NO: ZAJ2526A0613
UBN No: ZAJ2526GLRC00669
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत नारेली, पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)
सरपंच, ग्राम पंचायत नारेली, पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)



**कार्यालय ग्राम पंचायत सराधना पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण(अजमेर)**
क्रमांक-ग्रा.पं.सराधना/महानरेगा/निविदा/2025-26/200 दिनांक:-31.05.25
ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26
ग्राम पंचायत सराधना में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना एवं अन्य विभिन्न योजनाओं के संचालित निर्माण-कार्यों के लिए निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया के तहत इच्छुक प्रतिष्ठानों से वार्षिक दर संविदा/दर अनुबन्ध करने हेतु संवेदकों से निविदा दिनांक 31.05.2025 से 09.06.2025 तक आमंत्रित की जाती है।
विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in/& http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।
NIB NO: ZAJ2526A0615
UBN No: ZAJ2526GLRC00671
ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सराधना, पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)
प्रशासक, ग्राम पंचायत सराधना, पं.स. अजमेर ग्रामीण(अजमेर)


# लक्षकार समाज का प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन

**शाहपुर।** श्री शिव चेना माता, कुशला माता मंदिर धानेश्वर,फुलिया कला में इस बार 29 वां मंदिर स्थापना जयंती महोत्सव एवं मंदिर शिखर पर कलश स्थापना एवं प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन 1 व, 2 जून 2025 को धानेश्वर धाम, फुलिया कला में आयोजित हो रहा है।

जानकारी देते हुए धानेश्वर ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद लक्षकार ने बताया कि पहली बार महोत्सव के साथ कलश स्थापना सामूहिक विवाह सम्मेलन व विशाल छप्पन भोग का आयोजन हो रहा है जिसमें समाज बंधुओ का अपार स्नेह सहयोग मिल रहा है तथा इस सम्मेलन में चारभुजा नाथ,तुलसा माता सहित 11 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेगे।

महोत्सव का आज आगाज हो रहा है रात्रि विशाल भजन संध्या होगी जिसमें राधेश्याम लक्षकार,चेतन लक्षकार,नवल लक्षकार आकर्षक प्रस्तुतियां देंगे,व सजीव झांकियो का आयोजन होगा, 2 जून को राहुल कुमार राताकोट के द्वारा निज मंदिर पर शिखर का निर्माण करवाया गया, उस पर कलश स्थापना प्रात: 9:15 बजे राहुल कुमार व उनके परिवार द्वारा करवाया जाएगा साथ ही कन्हैया लाल बागड़ी निवासी शाहपुरा द्वारा माताजी के दरबार में विशाल छप्पन भोग का आयोजन किया जाएगा। शोभायात्रा सम्मान समारोह पाणीठाहण संस्कार , सहित विभिन्न दिनभर कार्यक्रम आयोजित होंगे। मीडिया प्रभारी भैरू लाल लक्षकार ने जानकारी देते हुए बताया की इस बार केक़ड़ी ,गुलाबपुरा के समाजबंधुओं द्वारा "पाँचवी बार केकड़ी व गुलाबपुरा से धानेश्वर धाम माताजी के पदयात्रियों का जत्था उमंग उल्लास के साथ आयेगा।

श्री शिव चैना कुशला माता ट्रस्ट, धानेश्वर धाम, फूलियाकलां द्वारा स्वागत किया जाएगा।अध्यक्ष विनोद सोलंकी, शाहपुरा,मुकेश कुमार हुरडा गोपाल लाल गुलाबपुरा जगदीश चंद्र गुलाबपुरा शाहपुरा युवा मंडल के अध्यक्ष कन्हैया लाल महामंत्री,त्रिलोक चंद उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार धर्मेंद्र कुमार किशन कुमार वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोहर लाल सहित पदाधिकारी कार्यक्रम का सफल आयोजन को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

# विशाल पूर्णिमा यात्रा कार्यक्रम का धार्मिक आयोजन

**अजमेर ।** श्री नाकोडा पूर्णिमा मंडल अजमेर ग्रुप की 99 वी (नवाणु) विशाल पूर्णिमा यात्रा कार्यक्रम के चलते मंडल के पदाधिकारियो, सदस्यों ने 31 मई 2025 को श्री नाकोडा तीर्थ मेवानगर जिला बाड़मेर मे पहुँचकर आज श्री पार्श्वनाथ भगवान्, श्री नाकोडा भैरव देव और श्री काला गोरा भैरव को 10,11 जून 2025 की आगामी यात्रा का निमंत्रण दिया ओर लगभग 400 भैरव भक्तो की यात्रा को सफल बनाने का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मंडल सदस्य नीरज कोठारी व गौतम सुराणा ने कार्यक्रम को विस्तार रूप से बताया।

मंडल के कार्यकारीणि सदस्य मोहित गाँधी ने बताया जी यह ग्रुप लगभग 8 वर्षो से लगातार अजमेर से श्री नाकोडा तीर्थ पर भक्तो को दर्शन करवाने के लिए प्रत्येक माह की चौदस को अजमेर से रवाना होते है और पूर्णिमा के दिन भक्तो को श्री नाकोडा भैरव दादा के दर्शन करवाकर वापिस अजमेर लेकर आते है। मंडल सदस्य मनीष लोढ़ा ने बताया कि हमारा ये ग्रुप भक्तो को बहुत ही न्यूनतम शुल्क पर यात्रा,भोजन, आवास की सुविधा उपलब्ध करवाते है। इस कार्यक्रम मे मंडल सदस्य पूनम कोठारी एवं अनिल जी चोरडिया, कुणाल मेहता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम मे वरघोड़ा, 56 भोग, चूरमा अर्पण साथ ही पूजा एवं भक्ति आयोजित की जायेगी। अजमेर के भक्तो के लिए इस यात्रा का ऐतिहासिक पल होगा।



यात्रा को सफल बनाने के लिए श्री नाकोडा भैरव देव और श्री काला गोरा भैरव को 10,11 जून 2025 की आगामी यात्रा का निमंत्रण दिया।